Delhi: दिल्ली में बन रहा था नकली इंजन ऑयल, पुलिस ने किया पर्दाफाश, फैक्ट्री से 715 लीटर Oil बरामद



Fake Engine Oil Factory: दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नकली इंजन ऑयल बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। दिल्ली पुलिस को सूचना मिली कि समयपुर बादली के संजय गांधी नगर ट्रांसपोर्ट नगर में नकली इंजन ऑयल बनाया जा रहा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर छापा मारा। पुलिस ने फैक्ट्री से 720 लीटर ऑयल के अलावा भारी मात्रा में नामचीन ऑयल कंपनियों के पैकेजिंग का सामान भी बरामद किया है। पुलिस ने इस संबंध में फैक्ट्री मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा पुलिस ने कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। फैक्ट्री मालिक की पहचान 43 वर्षीय अतुल गुप्ता के रूप हुई है।

पुलिस को मिली थी सूचना

वहीं, इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में नकली इंजन ऑयल बनाने की फैक्ट्री की सूचना मंगलवार को मिली थी। इस सूचना की जानकारी आला अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद क्राइम ब्रांच की एक टीम को रेड करने पहुंची। जहां पुलिस को बड़ी संख्या में नामचीन कंपनी के इंजन ऑयल के डिब्बे, ऑयल से भरे बड़े ड्रम, पैकेजिंग के दूसरे सामान मिले थे। इस दौरान फैक्ट्री मालिक अतुल गुप्ता भी मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसके बताया कि वह फैक्ट्री का मालिक है। पुलिस ने तुरंत फैक्ट्री मालिक को गिरफ्तार कर लिया।

Source: https://www.haribhoomi.com/state-local/delhi/news/crime-branch-raid-on-fake-engine-oil-factory-in-samaypur-badli-3031